डाक पंजीयन क्रमांक - म.प्र./भोपाल/4-357/2024-26

मुद्रित पत्र रजि. नं./आर.एन./13063/1967

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष
सहकारी समितियां एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं

मध्यप्रदेश सहकारी समाचार

मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ भोपाल का प्रकाशन

Website : www.mpscu.in
E-mail : rajyasanghbpl@yahoo.co.in

हिन्दी/पाक्षिक
प्रकाशन दिनांक 1 जुलाई, 2025, डिस्पेच दिनांक 1 जुलाई, 2025

| वर्ष 69 | अंक 03 | भोपाल | 1 जुलाई, 2025 | पृष्ठ 12 | एक प्रति 7 रु. | वार्षिक शुल्क 150/- | आजीवन शुल्क 1500/- |

नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमि. के साथ सहकारी संघ एवं मंडी बोर्ड के बीच हुआ एमओयू

किसानों के उत्पादों को मिलेगा अधिक लाभ : मंत्री श्री सारंग

मध्यप्रदेश की 1578 सोसाइटियों ने ली मेंबरशिप ● मंत्री श्री सारंग और श्री कंषाना की उपस्थिति में हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

भोपाल : सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने सहकारी आंदोलन को मजबूत करने और इसके माध्यम से किसानों को उनकी फसल का और अधिक लाभ उपलब्ध कराने की मंशा से राष्ट्रीय स्तर पर को-ऑपरेटिव सेक्टर में निर्यात की गतिविधियों को बढ़ाने के लिए नेशनल को-ऑपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीईएल) का गठन किया। इसके माध्यम से किसानों को उनके उत्पाद में अधिक से अधिक लाभ मिल सकेगा। मंत्री श्री सारंग प्रदेश के विभिन्न उत्पादों विशेष रूप से मसालों एवं हैंडीक्राफ्ट उत्पादों के एक्सपोर्ट को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मसालों के निर्यात को संस्थागत रूप से बढ़ावा देने के लिए नेशनल एक्सपोर्ट को-ऑपरेटिव लिमिटेड के साथ मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ और कृषि मंडी बोर्ड के बीच महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर भी हस्ताक्षर किए गये।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि एनसीईएल के साथ राज्य संघ और मंडी बोर्ड का एमओयू मध्यप्रदेश के किसानों के लिए एक नया प्लेटफार्म उपलब्ध कराएगा। इसके माध्यम से किसान अपने उत्पाद का निर्यात कर सकेंगे। अब किसानों के उत्पादों को उचित दाम तो मिलेगा ही साथ ही सहकारिता आंदोलन को मजबूती मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की 1578 सोसाइटियों ने एनसीईएल की मेंबरशिप ली है। इससे किसानों के उत्पाद निर्यात होंगे। मध्यप्रदेश किसानों के उत्पाद के लिए भी दुनिया में निर्यातक बनने का कीर्तिमान स्थापित करेगा और मध्यप्रदेश देश में नंबर एक होगा।

सहकारिता कृषि का महत्वपूर्ण अंग -मंत्री श्री कंषाना

किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एंदल सिंह कंषाना ने सहकारिता को कृषि का महत्वपूर्ण अंग बताया है। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से ही लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। हिंदुस्तान कृषि प्रधान देश है और मध्यप्रदेश देश में कृषि क्षेत्र में अग्रणी है। मध्य प्रदेश को सात बार कृषि कृर्मण अवार्ड भी मिला है।

उत्पाद को डिमांड के अनुसार पहुंचाने पर मिलेगा सही दाम- एसीएस श्री वर्णबाल

अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णबाल ने कहा कि एमओयू के जरिये किसानों के उत्पाद को डिमांड के अनुसार पहुंचाने पर सही दाम मिल सकेगा। देश पहले उत्पादों का आयात करता था, अब निर्यात के जरिए इंटरनेशनल मार्केट तक उत्पाद पहुंचाकर सही दाम प्राप्त कर सकेगा। मध्यप्रदेश की धान, मसाले, धनिया, मिर्ची, केले आदि का काफी निर्यात होता है, अब किसानों को इसका सीधा लाभ मिल सकेगा।

एनसीईएल के एमडी श्री अनुपम कौशिक ने कहा कि मध्यप्रदेश के विशिष्ट उत्पादों और किसानों को अब सीधे अंतर्राष्ट्रीय बाजारों से जोड़ेंगे, जिसके जरिए उनकी आय में वृद्धि होगी। सहकारिता से समृद्धि और निर्यात से उन्नति की दिशा में हम प्रयासरत है। मध्यप्रदेश सरकार एवं उनके विभिन्न विभाग के सहयोग और समर्थन से हम आगे बढ़ेंगे।

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष समारोह के अंतर्गत यह आयोजन एनसीईएल और मध्यप्रदेश राज्य सहकारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यशाला में 'मध्यप्रदेश के किसानों को निर्यात के लिये सक्षम बनाना' विषयक संयुक्त उत्पाद संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया।

कार्यशाला में प्रदेश भर से लघु एवं मध्यम स्तर के मिर्च, धनिया, लहसुन आदि मसाला उत्पादक किसान, हस्तशिल्प निर्माता, सहकारी समितियाँ, एफपीओ तथा अन्य उत्पादक समूह ने भाग लिया। विशेषज्ञों द्वारा निर्यात प्रक्रिया, अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानकों, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और बाजार उपलब्धता जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गये।

कार्यशाला में प्रबंध संचालक विपणन संघ श्री आलोक कुमार सिंह, प्रबंध संचालक मंडी बोर्ड श्री कुमार पुरूषोत्तम, प्रबंध संचालक राज्य सहकारी संघ श्री ऋतुराज रंजन सहित सहकारिता एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। अंत में सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक श्री मनोज पुष्प ने आभार माना।

तकनीकी सत्र : 'लोकल से

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

किसानों के उत्पादों को मिलेगा...

ग्लोबल' की ओर - निर्यात, गुणवत्ता और सहकारी सशक्तिकरण पर विशेषज्ञों का गहन मंथन

अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला के तकनीकी सत्र में विषय विशेषज्ञों, सहकारी प्रतिनिधियों एवं किसानों ने 'लोकल से ग्लोबल' की अवधारणा को साकार रूप देने के लिए निर्यात तत्परता, गुणवत्ता मानक, वैज्ञानिक प्रबंधन, पैकेजिंग तकनीक और सहकारी सशक्तिकरण पर गहन विचार साझा किए।

निर्यात चुनौतियाँ एवं अवसर

तकनीकी विशेषज्ञ प्रेरणा सिंह ने "Export Readiness and Quality Standards" विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि भारत में अनेक स्थानीय उत्पाद अंतरराष्ट्रीय मांग रखते हैं, लेकिन अधिकांश उत्पादक निर्यात की तकनीकी आवश्यकताओं, गुणवत्ता मानकों और प्रमाणन प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ हैं।

प्रेरणा सिंह ने कहा कि, "GAP (Good Agricultural Practices) और HACCP (Hazard Analysis and Critical Control Points) जैसे वैश्विक मानक अपनाकर किसान अपने उत्पादों को खाद्य सुरक्षा, ट्रेसबिलिटी और गुणवत्ता के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बना सकते हैं। इससे यूरोप, अमेरिका और खाड़ी देशों के उच्च बाजारों में प्रवेश सुगम होगा।"

उन्होंने उदाहरण स्वरूप बताया कि जैविक धनिया और मिर्ची की वैश्विक मांग तेजी से बढ़ रही है, किन्तु उचित प्रमाणन और क्वालिटी डॉक्युमेंटेशन के अभाव में छोटे किसान उस मांग का लाभ नहीं ले पा रहे।

पोस्ट-हार्वेस्ट प्रबंधन और पैकेजिंग तकनीकें

कार्यक्रम में Post-Harvest Management के व्यावहारिक पक्षों पर भी प्रकाश डाला गया। प्रेरणा सिंह ने कहा कि भारत में उपज के 20-25% हिस्से की गुणवत्ता खराब भंडारण और ग्रेडिंग के अभाव में गिर जाती है। उन्होंने सुझाव दिया कि:

- भंडारण हेतु वैज्ञानिक तरीके अपनाए जाएं,
- प्राथमिक स्तर पर साफ-सफाई, छंटाई और ग्रेडिंगको बढ़ावा मिले, और अट्रैक्टिव व moisture-proof पैकेजिंगतकनीकों का प्रशिक्षण किसानों व सहकारी समितियों को दिया जाए।

उन्होंने कहा कि अच्छी पैकेजिंग केवल उत्पाद की सुरक्षा ही नहीं करती, बल्कि ब्रांड वैल्यू और बाजार में मूल्य भी बढ़ाती है।

वैश्विक बाजार से जुड़ाव और संभावनाएँ

"Market Linkages and Global Opportunities" विषय पर वक्ता ऋचा शर्मा ने वैश्विक मांग विश्लेषण प्रस्तुत करते हुए बताया कि आज की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला विश्वसनीयता, गुणवत्ता और निरंतर आपूर्त पिर केंद्रित है।

उन्होंने बताया कि "भारतीय मिर्च, हल्दी, धनिया और लहसुन जैसी मसालों की वैश्विक स्तर पर अत्यधिक मांग है। यदि इन उत्पादों को EU Certification, USDA Organic, Fair Trade जैसे सर्टिफिकेशन के साथ निर्यात किया जाए, तो उनका मूल्य 30-40% तक अधिक हो सकता है।"

एनसीईएल की भूमिका और निर्यात संरचना

एनसीईएल (National Cooperative Export Limited) के प्रबंध निदेशक श्री अनुपम कौशिक ने निर्यात ढांचे की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि एनसीईएल अब सिर्फ एक निर्यात इकाई नहीं, बल्कि किसानों और उत्पादक समूहों को वैश्विक व्यापार से जोड़ने वाला सेतु बन चुका है। उन्होंने विस्तार से बताया :

- सदस्यता प्रक्रिया को सरल किया गया है,
- एग्रीगेशन मॉडल द्वारा उत्पादों का केंद्रीकरण संभव हुआ है,
- और अब Traceability Software व Blockchain आधारित निर्यात ट्रैकिंग प्रणालीपर काम हो रहा है।

उन्होंने कहा "हमारा लक्ष्य है कि छोटे किसानों, एफपीओ और SHGजैसे संगठनों को भी वैश्विक मंच मिले, और उनके उत्पाद प्रतिस्पर्धी मूल्य पर अंतरराष्ट्रीय उपभोक्ताओं तक पहुंचें।"

सहकारी सशक्तिकरण पर पैनल चर्चा

"Cooperative Strengthening and NCEL Engagement" विषय पर एक विशेष पैनल चर्चा आयोजित हुई, जिसमें प्रबंध निदेशक अनुपम कौशिक, प्रबंध संचालक ऋतुराज रंजन, ऋचा शर्मा और प्रेरणा सिंह ने भाग लिया।

पैनल में प्रमुख सुझाव पर जोर दिया गया

- सहकारी समितियाँ अब केवल स्थानीय खरीद केंद्र न रहकर निर्यात-सक्षम बिजनेस यूनिटके रूप में विकसित होनी चाहिए,
- FPOs और PACS के लिए निर्यात आधारित प्रशिक्षण मॉड्यूल बनाए जाएं,
- सहकारी मॉडल के अंतर्गत Shared Logistics, Bulk Certification, Shared Warehousing जैसी सुविधाओं को विकसित किया जाए।
- Cooperative Export Readiness Index तैयार किया जाए, जिससे राज्य की सभी समितियों की निर्यात तैयारी का आकलन किया जा सके।
- सहकारी समितियों के लिए निर्यात संबंधी प्रशिक्षण मॉड्यूल अनिवार्य किए जाएं – जैसे GAP, HACCP, ट्रेसबिलिटी, एक्सपोर्ट डाक्यूमेंटेशन आदि।
- Shared Infrastructure Models (Processing, Cold Storage, Transport, Labelling) विकसित किए जाएं ताकि छोटे उत्पादक लाभान्वित हों।
- समितियों को बाजार अनुकूल उत्पाद चयन और value addition के लिए मार्गदर्शन दिया जाए।

सहकारिता मंत्री श्री सारंग ने किया सीपीपीपी निवेश विंग का शुभारंभ

मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल सहकारिता क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति : मंत्री श्री सारंग

भोपाल : सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने विंध्याचल भवन स्थित सहकारिता आयुक्त कार्यालय में 'सीपीपीपी निवेश प्रोत्साहन विंग' का शुभारंभ किया। विंग में निवेशकों के लिए संपर्क एवं स्वागत कक्ष सहित संवाद एवं विमर्श का स्थान भी बनाया गया है, जहां निवेशक सिंगल विंडो के जरिए संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था में सहकारिता का अहम योगदान है मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल को पूरे देश में सराहना मिली है। इस मॉडल से संपूर्ण सहकारिता जगत में नई क्रांति आयेगी। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी विंग सहकारी समितियों, किसानों और निवेशकों के लिए प्रक्रियाओं को सरल और पारदर्शी बनाने के लिये कार्य करेगा। यह विंग निवेश से जुड़ी अनुमतियों, प्रक्रियाओं और मार्गदर्शन के लिए एकीकृत मंच प्रदान करेगा। अब सहकारी बैंकों, समितियों, किसानों और निजी उद्यमियों के बीच एमओयू की प्रक्रिया को सुगम बनाया जाएगा।

विकसित भारत 2047 में सहकारिता की अहम भूमिका

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सहकारिता क्षेत्र की अहम भूमिका है। 'सहकार से समृद्धि' की परिकल्पना को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में साकार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल पूरे देश में अनुकरणीय पहल के रूप में उभरा है।

मध्यप्रदेश का सीपीपीपी मॉडल सहकारिता क्षेत्र में लाएगा नई क्रांति

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सहकारी संस्थाओं की उपयोगिता को देखते हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में "सहकारीसार्वजनिकनिजीभागीदारी"सीपीपीपीकीअवधारणाकीसोचकोक्रियान्वित किया गया। इसके तहत रिलायंस, वैद्यनाथ, मैजेस्टिक बासमती राइस जैसी बड़ी कंपनियों के साथ लगभग 2305 करोड़ के 19 एमओयू सहकारी संस्थाओं के साथ निष्पादित किये गये। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी मॉडल किसान, पैक्स और निवेशकों के हित में हैं। इससे किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर मूल्य प्राप्त होगा। इससे पैक्स की आर्थिक गतिविधियों में विविधता और विस्तार आएगा निजी निवेशकों को गुणवत्ता युक्त कच्चा माल स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेगा।

सीपीपीपी मॉडल को अपनायेगी केंद्र सरकार

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश के सीपीपीपी मॉडल की प्रशंसा केंद्र सरकार द्वारा भी की गई है और भविष्य में इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाया जा सकता है। यह मॉडल सहकारिता जगत में नई क्रांति का आगाज करेगा। उन्होंने कहा कि सीपीपीपी मॉडल से सहकारी संस्थाओं की आय में वृद्धि होगी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध कच्चे माल (सामग्री) सहकारी संस्थाओं के माध्यम से निजी संगठनों को उपलब्ध करवाया जा सकेगा जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उच्चाधिकारियों और निवेशक प्रतिनिधियों की उपस्थिति

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री अशोक वर्णवाल, सहकारिता आयुक्त एवं पंजीयक श्री मनोज पुष्प, प्रबंध संचालक विपणन संघ श्री आलोक कुमार सिंह, उप सचिव श्री मनोज सिन्हा सहित रिलाइंस, मैजेस्टिक बासमती राइस, मशरूम वर्ल्ड, प्रतिभा सिंटेक्स कंपनियों के प्रतिनिधि और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विंग के नोडल अधिकारी श्री अंबरीश वैद्य ने आभार माना।

मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की डेयरी केपिटल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव, मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौ-शाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए।

मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पूरा प्रदेश वनों से आच्छादित है। वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य सरकार ने अमृत समान गौ-माता का दूध खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि गौ-पालकों तक लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाय का दूध सम्पूर्ण आहार है। राज्य में हाईटैक गौशालाएं संचालित हो रही हैं। सरकार का अर्थ ही यह है कि गरीबों के जीवन से कष्टों का नाश हो और सुख का मार्ग प्रशस्त हो। राज्य सरकार ने गौशाला संचालन के लिए अनुदान राशि 20 रुपए से बढ़कर 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन की गई है। राज्य सरकार ने राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड से अनुबंध किया है। प्रदेश का दूध उत्पादन पांच गुना करने का लक्ष्य है। वर्तमान में प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ लीटर दूध उत्पादित होता है और इसमें से लगभग आधा घरेलू उपयोग और शेष मार्केट तक पहुंचता है। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर प्रदेश में दुग्ध से समृद्धि के लिए नई योजनाएं बना रहे हैं। दुग्ध उत्पादन और संकलन के कार्य को व्यवस्थित बनाने के लिए समितियों की संख्या भी 9 हजार से बढ़कर 26 हजार करने का संकल्प है।

प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पशुपालन विभाग का नाम बदल कर अब इसे पशुपालन के साथ गोपालन विभाग भी कहा जाएगा। गौ- माता को सम्मान देते हुए इस विभाग के माध्यम से कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जाएंगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर कामधेनु योजना में गाय के पालन के लिए अनुदान दिया जा रहा है। गाय के गोबर से किसान खाद बनाएं, सरकार प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज का ज्यादा भाव देगी। वर्तमान में इंदौर, देवास, रीवा एवं कुछ अन्य जिलों में गौ-शालाओं के माध्यम से सीएनजी गैस का उत्पादन किया जा रहा है। किसानों को रसायन मुक्त प्राकृतिक और जैविक खाद उपलब्ध हो रही है। बड़ी गौशाला खोलने के लिए राज्य सरकार 125 एकड़ जमीन प्रदान करेगी। वर्तमान बजट में इसके लिए प्रावधान भी किया गया है। अगले तीन साल में गौ-पालन के क्षेत्र में प्रदेश का परिदृश्य बदलेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज 7 गौ-शालाएं पुरस्कृत हुई हैं और गौ सेवी भी सम्मानित हुए हैं। यह भोपाल, दमोह, अनूपपुर, रायसेन, छिंदवाड़ा, हरदा और विदिशा जिलों के हैं। कार्यक्रम में 73 गौशालाओं को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

गौ-माता के सम्मान के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सड़कों पर घायल होने वाली गौमाता को गौशाला में पहुंचाएंगे। गौ माता अपनी कष्ट निवारण के लिए सड़क पर बैठती है, क्योंकि हमने उसे ऐसे ही छोड़ दिया है। वर्षाकाल में मच्छरों और कीड़ों से बचाव के लिए गाय और अन्य मवेशी सड़कों तक बैठने के लिए आ जाते हैं, क्योंकि वाहनों के आवागमन से हवा चलने पर उन्हें कष्ट से मुक्ति मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गायों और अन्य पशुओं के लिए भगवान श्रीकृष्ण समर्पित थे। प्रदेश के हर ब्लॉक में वृंदावन ग्राम बनाए जाएंगे। बच्चों को गाय का दूध मिलेगा तो उन्हें कुपोषण से मुक्ति मिलेगी।

जिनके घर गाय वो गोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिनके घर गाय है, वे गोपाल है। मुख्यमंत्री निवास आज गौपालकों का निवास हो गया है। जहां गौमाता है, वहीं स्वर्ग है। हमें जन्म भले माता ने दिया है, पहली रोटी का अधिकार गौ-माता का ही है। सनातन संस्कृति में गौमाता का अहम स्थान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश गौ-पालन से संपन्न बन रहा है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने वास्तव में गुजरात में अमूल संस्थान की स्थापना करवाई, हम प्राय: अमूल की प्रगति का श्रेय अन्य लोगों को दे देते हैं। गौ-पालन ऐसा माध्यम है, जो आय प्रदान करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौशाला संचालकों को अनुदान राशि का अंतरण किया एवं गौसेवा और गौशाला संचालन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली संस्थाओं को वर्ष 2023- 24 के लिए आचार्य श्री विद्यासागर जीवदया गौसेवा सम्मान पुरस्कार प्रदान किए।

मध्यप्रदेश में बनेगी स्वाबलम्बी गौशालाएं: पशुपालन राज्य मंत्री श्री पटेल

पशुपालन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश में निरंतर गौ संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 9 अप्रैल 2024 से 29 मार्च 2025 तक गौ संरक्षण वर्ष मनाया गया जिसके अंतर्गत प्रदेश भर में गौ संरक्षण एवं गौ सेवा के कार्य किए गए। सरकार ने प्रदेश में स्वावलंबी गौशालाएं बनाने का निर्णय लिया है। मध्यप्रदेश ऐसा करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में 30 ऐसे स्थानों को चिन्हित भी कर लिया गया है जहां 5000 से लेकर 25000 तक गोवंश क्षमता वाली स्बावलंबी गौशाला बनाई जाएंगी। ये गौशालाएं हाईटेक होंगी, जहां गायों की देखभाल के लिए सभी आधुनिक सुविधाओं सहित जैविक खाद, सीएनजी गैस उत्पादन आदि के साथ सौर ऊर्जा से बिजली भी बनाई जाएगी। पशुपालन मंत्री ने कहा कि किसानों की आमदनी दोगुना करने में पशुपालन का विशेष स्थान है। गौशालाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पशुओं में नस्ल सुधार आवश्यक है। पशुपालन के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सरकार ने कामधेनु योजना में 200 गोवंश रखने पर 25 प्रतिशत अनुदान देने का निर्णय लिया है। राज्य सरकार गौ सेवा के क्षेत्र में गोपालकों को प्रोत्साहित करने के लिए संस्थागत एवं व्यक्तिगत पुरस्कार दे रही है। वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने कहा कि गौपालन और गौसेवा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जीवन का हिस्सा है। उन्होंने प्रदेश को पशुपालन में अग्रणी बनाने का लक्ष्य रखा है। यह प्रदेश में इस क्षेत्र का ऐतिहासिक सम्मेलन है। राज्य सरकार ने नेशनल डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता किया है। कामधेनु योजना से किसानों को गौपालन और डेयरी शुरू करने का अवसर मिलेगा। गौपालन से कृषि क्षेत्र ही नहीं सम्पूर्ण आर्थिक क्षेत्र को मजबूती मिलेगी।

VAMNICOM स्टार्टअप Mettarev ने सहकारी बैंकों के लिए AI-संचालित लेंडिंग टूल लॉन्च किया Mettarev ने NABARD, NAFCUB और NUCFDC के साथ मिलाया हाथ

मुंबई, मुंबई में आयोजित "भारत सहकारी बैंकिंग शिखर सम्मेलन 2025" में भारत के सहकारी क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण सामने आया, जब Mettarev Systems ने अपना AI-आधारित बैंक स्टेटमेंट एनालिसिस (BSA) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया।

यह स्टार्टअप VAMNICOM (वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंधन संस्थान), पुणे के Incubation Centre में इनक्यूबेट किया गया है। Mettarev ने एक ऐसा क्लाउड-बेस्ड इंटेलिजेंट प्लेटफॉर्म विकसित किया है, जो सहकारी बैंकों को ऋण मूल्यांकन (क्रेडिट असेसमेंट) आसान, तेज और अधिक विश्वसनीय बनाने में मदद करता है। इससे बैंकों के कर्मचारियों का समय भी बचेगा और धोखाधड़ी की पहचान में भी सहायता मिलेगी।

यह प्लेटफॉर्म AI (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) और मशीन लर्निंग तकनीक का उपयोग कर ब्याजदाता (borrower) के डेटा का विश्लेषण करता है, और अनौपचारिक आय स्रोतों को भी समझकर वित्तीय समावेशन (financial inclusion) को बढ़ावा देता है। पारंपरिक बैंकिंग मॉडल जो ऐसे आय स्रोतों को पकड़ नहीं पाते, उनके मुकाबले यह एक बेहतर विकल्प बनकर उभरा है।

VAMNICOM Incubation Centre, जिसे जुलाई 2023 में पुणे में शुरू किया गया था, सहकार से समृद्धि विजन के तहत केंद्रीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में चल रही पहल का एक भाग है। इस केंद्र ने अब तक 40 से अधिक स्टार्टअप्स और सहकारी संस्थाओं को सहयोग दिया है और पूरे भारत में वर्कशॉप आयोजित की हैं। यह केंद्र PACS, SHGs, और शहरी सहकारी बैंकों के साथ मिलकर काम कर रहा है।इस प्रयास में NABARD, NAFCUB और NUCFDC जैसे प्रमुख संस्थानों का सहयोग है।

डॉ. महेश कदम (सीओओ, Incubation Centre) ने बताया कि "Mettarev का राष्ट्रीय स्तर पर लॉन्च केवल एक स्टार्टअप की सफलता नहीं है, बल्कि हमारे इनक्यूबेशन मॉडल की सफलता का प्रमाण है।" उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में भारत का पहला "Cooperative Startup Registry", विशेष नवाचार प्रयोगशालाएं (Innovation Labs) और अंतरराष्ट्रीय साझेदारियों (जैसे केन्या, जापान और जर्मनी के सहकारी संस्थाओं के साथ) की योजना है।

Mettarev Systems ने एक AI आधारित टूल लॉन्च किया है जो सहकारी बैंकों में डिजिटल लेंडिंग को आसान बनाएगा। यह टूल बैंक स्टेटमेंट का विश्लेषण कर ऋण निर्णय प्रक्रिया को तेज करता है। VAMNICOM Incubation Centre, पुणे द्वारा यह स्टार्टअप इनक्यूबेट किया गया है।

यह पहल "सहकार से समृद्धि" मिशन के अंतर्गत है। NABARD, NAFCUB और NUCFDC इसके मुख्य सहयोगी हैं।भविष्य में भारत का पहला Cooperative Startup Registry, नवाचार प्रयोगशालाएं और वैश्विक साझेदारियां भी प्रस्तावित हैं।

कार्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या० शिवपुरी (म0प्र0)
कोर्ट रोड शिवपुरी (म.प्र.)
बैलेंस शीट पत्रक वर्षान्त 31 मार्च 2025 की स्थिति पर

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024		विवरण देनदारियां		इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025
185,807,895.54	1	अंशपूंजी		**685,832,668.54**
500,000,000.00		(अ) अधिकृत अंशपूंजी	500,000,000.00	
		(ब) अभिदत्त अंशपूंजी		
		अंशो में प्रति अंश रूपय		
		अंशो में प्रति अंश रूपय		
		नाम मात्र के सदस्यों से अंश में		
		(स) प्रदत्त अंशपूंजी		
		अंशो में प्रति अंश रूपय		
		जिसमे से .....बकाया काल्स के कम करने पर		
		नाम मात्र के सदस्यों से अंश में		
		उक्त तीन मे से धारित		
44,463,540.00		1-शासन द्वारा	544,463,540.00	
140,285,470.54		2-समितियों द्वारा	140,310,243.54	
1,058,885.00		3-व्यक्तिगत नाम मात्र सदस्यों द्वारा	1,058,885.00	
1,378,415,593.62	2	आरक्षित निधि एवं अन्य रिजर्व :-		**1,876,778,944.20**
28,381,167.48		रक्षित कोष	28,381,167.48	
17,572,897.10		कृषि साख स्था. निधि	17,572,897.10	
42,949,212.90		भवन निधि	42,949,212.90	
6,621,375.72		वाहन निधि	6,621,375.72	
1,182,578.72		प्रशिक्षण निधि	1,182,578.72	
2,949,636.59		सहकारी विकास निधि	2,949,636.59	
6,759,479.35		अंश विमोचन रिजर्व	6,759,479.35	
115,149,000.00		रिवेल्यूवेशन फिक्स असेट फण्ड	115,149,000.00	
10,119,500.00		विनियोग अस्थिरता संचय	10,119,500.00	
-		विशेष डूबन्त संदिग्ध निधि हेतु प्रावधान	-	
-		संदिग्ध एवं डूबंत ग्रामीण क्षेत्र	-	
994,053,870.33		डूबन्त एवं संदिग्ध निधि हेतु प्रावधान	1,551,011,948.30	
479,442.60		स्टेन्डर्ड असेस्टस हेतु प्रावधान	34,483.67	
69,903,717.95		सबस्टेन्डर्ड असेस्टस हेतु प्रावधान	11,753,949.49	
67,233.25		लाभांश समीकरण निधि हेतु प्रावधान	67,233.25	
60,904.00		विनियोजित निधियां हेतु प्रावधान	60,904.00	

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024		विवरण लेनदारियां (सम्पत्ति एवं आस्तियां)	इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025	
		सिलक एवं बैंक बैलेस		
4,784,209.00	1	नगद रोकड़ तिजोरी में तथा रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया, स्टेट बैंक, सेन्ट्रल को-ऑपरेटिव बैंक, राज्य सहकारी बैंक		**4,947,317.00**
159,594,167.80	2	सिलक अन्य बैंकों मे		**180,239,131.84**
		1-चालू अमानत		
(5,519,774.16)		अ-भारतीय स्टेट बैंक	15,742,181.91	
159,163,898.73		ब-अन्य राष्ट्रीयकृत बैंक	140,122,545.64	
5,950,043.23		स-म0 प्र0 राज्य सहा बैंक	24,374,404.29	
44,928,697.99		2-मुद्दती अमानत		**547,719,461.99**
5,019,699.00		अ-म0 प्र0 राज्य सहक बैंक	505,019,699.00	
29,698,008.00		ब-रक्षित निधि शीर्ष बैंक	31,851,114.00	
1,000,000.00		स-भारतीय स्टेट बैंक	1,000,000.00	
0.00		द-अन्य सावधि जमा	0.00	
9,210,990.99		इ-सेन्ट्रल बैंक	9,848,648.99	
	3	मांग और अल्प सुचना पर प्रतिदेय राशि		
628,401,000.00	4	विनियोग		**628,400,000.00**
584,000,000.00		1-केन्द्रीय एवं राज्य शासन की प्रतिभतियो	584,000,000.00	
-		2-अमानती प्रतिभूतियो मे	-	
44,401,000.00		3-सहकारी संस्थाओ के अंशो मे	44,400,000.00	
	5	ऋण एवं अग्रिम		2,739,925,050.71
2,804,586,265.97		अ-अल्पावधि ऋण, नगदी साख, अधिविकर्ष तथा विलो मे	2,739,925,050.71	
		1-शासकीय प्रतिभूतियों		
		2-अन्य ठोस प्रतिभूतियो पर		
		3-व्यक्तिगत ऋण वांकी		
		4-कालातीत वांकी		
		5-अवमानक संदिग्ध डूबन्त ऋण		
113,878,537.23		ब-मध्यकालीन	113,364,096.61	113,364,096.61
		1-इसमे से शासकीय प्रतिभूतियों पर		
		2-अन्य ठोस प्रतिभूतियो पर		
		3-व्यक्तिगत ऋण वांकी		
		4-कालातीत वांकी		

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024		विवरण देनदारियां		इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025
31,806,357.01		कर्मचारी उपादान	31,806,357.01	
16,825.64		सामान्य हितनिधि	16,825.64	
1,997.00		धर्मार्थ निधि	1,997.00	
807.00		कर्मचारी हितनिधि	807.00	
28,967.38		वोनस रिजर्व हेतु प्रावधान	28,967.38	
-		अन्य निधियां हेतु प्रावधान	-	
-		केपीटल रिजर्व हेतु प्रावधान	-	
50,237,000.00		अन्य प्रावधान	50,237,000.00	
73,623.60		केपीटल रिजर्व अन्य	73,623.60	
3,007,294,833.87	3	अमानते :		**3,058,194,735.35**
1,019,779,627.64		(अ) मुद्दती अमानते	**1,035,953,050.64**	
909,009,748.94		1-व्यक्तिगत अमानते	926,868,608.18	
-		2-केन्द्रीय सहकारी बैंक		
110,769,878.70		3-अन्य सहकारी समितियां	109,084,442.46	
1,915,907,924.40		(ब) बचत अमानते	**1,946,559,612.72**	
1,636,150,802.47		1-व्यक्तिगत अमानते	1,619,482,887.38	
--		2-केन्द्रीय सहकारी बैंक	-	
279,757,121.93		3-अन्य सहकारी समितियां	327,076,725.34	
71,607,281.83		(स) चालू अमानते	**75,682,071.99**	
29,839,831.05		1-व्यक्तिगत अमानते	30,312,421.55	
-		2-केन्द्रीय सहकारी बैंक	-	
41,767,450.78		3-अन्य सहकारी समितियां	45,369,650.44	
-		(द) आहूत एवं अल्पकालीन अमानते		
642,892,750.00	4	उधार		**642,892,750.00**
		भारतीय रिजर्व बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक, राज्य सहकारी बैंक		
639,000,000.00		(अ) अल्पकालीन ऋण नगद साख, अधिविकर्ष तथा बिलो मे इनमे से अन्य ठोस प्रतिभूति पर	639,000,000.00	
3,892,750.00		(आ) मध्यम अवधि ऋण इसमे शासन प्रतिभूतियो पर , इनमे से अन्य ठोस	3,892,750.00	
-		(इ) दीर्घकालीन	-	
13,229,270.00	5	देने योग्य बिल :		**13,229,270.00**
(260,560,819.95)	6	शाखाओ का जमाखर्चः		**(248,444,383.65)**
228,660,931.06	7	कालातीत ब्याज रिजर्व		**228,660,931.06**
80,595,186.46	8	ब्याज देय		**82,414,396.83**
(912,130,479.48)	9	अन्य देनदारियां		**(1,512,107,542.50)**
15,299,541.03		अ-सस्पेंश		**15,306,373.03**
(927,430,020.51)		ब-विविध देनदारियां		**(1,527,413,915.53)**

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024		विवरण लेनदारियां (सम्पत्ति एवं आस्तियां)	इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025	
1,914,074.00		स-दीर्घावधि	1,853,853.00	1,853,853.00
		1-इसमे से शासकीय प्रतिभूतियों पर		
		2-अन्य ठोस प्रतिभूतियो पर		
		3-व्यक्तिगत ऋण वांकी		
		4-कालातीत वांकी		
134,792,651.68	6	व्याज लेना वांकी	**133,237,158.54**	**133,237,158.54**
		1-कालातीत ऋणो पर		
		2-चालू ऋणो पर		
		3-ऋण राहत शासन से		
1,577,769.00	7	बिल्स रिसीवएवल एज पर कान्द्रा	**1,577,769.00**	**1,577,769.00**
-	8	शाखा समायोजन	-	
193,393.44	9	भवन		**174,054.44**
1,048,867.56		1-पुस्तक मूल्य	1,048,867.56	
855,474.12		2-कम किया अवक्षयण	874,813.12	
1,405,695.22	10	साज सज्जा		**1,265,125.22**
5,593,979.58		1-पुस्तक मूल्य	5,593,979.58	
4,188,284.36		2-कम किया अवक्षयण	4,328,854.36	
790,120.11	11	कम्प्यूटर		**474,072.11**
5,659,318.50		1-पुस्तक मूल्य	5,659,318.50	
4,869,198.39		2-कम किया अवक्षयण	5,185,246.39	
76,444.10	12	ऑफिस इक्यूपमेंट		**68,800.10**
204,476.24		1-पुस्तक मूल्य	204,476.24	
128,032.14		2-कम किया अवक्षयण	135,676.14	
1,058,354.76	13	वाहन		**899,601.76**
2,631,387.00		1-पुस्तक मूल्य	2,631,387.00	
1,573,032.24		2-कम किया अवक्षयण	1,731,785.24	
115,149,000.00	14	भूमि		**115,149,000.00**
351,074,780.82	15	अन्य लेनदारियां		**358,157,277.51**
1,954.00		1-अनाज अग्रिम स्टाफ	1,954.00	
55,111.00		2-वेतन / प्रवास अग्रिम	55,111.00	
550.00		3-त्यौहार अग्रिम	550.00	
1,646,421.22		4-टीडीएस	1,760,668.22	
-		5-अग्रिम आयकर	-	

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024	विवरण देनदारियां		इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025
72,796,749.08	1-सण्ड्रीक्रेडिटर्स	72,237,355.24	
(2,120,904.52)	2-फुटकर देनदारियां	93,594.48	
513,943.00	3-अंकेक्षण शुल्क	510,266.00	
9,621,807.58	4- सार्वजनिक वितरण प्रणाली के देय	8,493,698.58	
21,227,259.57	5- लैव्ही	20,988,717.57	
4,065,527.56	6- कैश केडिट खाद	4,037,220.46	
352,135.45	7- कैश केडिट विपणन	352,135.45	
386,425.85	8- म्यादी अमा० के तारण पर ऋण	470,719.85	
(1,367.50)	9-शासकीय ऋण ज्वाइंट फार्मिंग	(1,367.50)	
168,510.00	10-वोनस देय	168,510.00	
23,293.75	11-वेतन देय	23,293.75	
40,055.81	12-प्रोत्साहन राशि	40,055.81	
(29,294,182.77)	13-संवर्ग निधि	(31,435,620.77)	
913,016.82	14-भविष्य निधि कर्मचारी	932,573.82	
19,817.00	15-बचत बैंक गारंटी	19,817.00	
352,335.25	16-परिवार कल्याण कोष	374,167.25	
(22,078.25)	17-समूह बीमा	(25,415.25)	
42,550.00	18-एलआईसी	64,781.00	
193,237,304.06	19-फर्टीलाइजर सेल्स कलेक्शन	193,237,304.06	
2,461,290.00	20-टीडीएस पेविल	2,714,162.00	
(28.64)	22-जीएसटी पबिल	70,261.36	
2,897,981.00	23-सर्विस टेक्स	3,590,942.00	
936,309,035.22	24-अन्य दायित्व	1,100,808,881.77	
(156,263,480.54)	25-नेफ्ट अन्तर	(156,152,938.11)	
-	26-छात्रवृति	-	
(1,985,157,015.29)	27-लाभ/हानि	**(2,749,027,031.35)**	
4,364,205,161.12		-	**4,827,451,769.83**

हस्ता/-
प्रभारी प्रबंधक (लेखा)

हस्ता/-
मुख्य कार्यपालन अधिकारी

हस्ता/-
प्रशासक/कलेक्टर

दिनांक : 18.06.2025
स्थान : ग्वालियर

अतुल कुमार एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट
फर्म रजि नं 001982C
हस्ता/-
सीए नेहा गर्ग
पार्टनर
मैं.नं. 415128
UDIN : 25415128BMGXYP3668

गत वर्षान्त पर शेष 31.03.2024		विवरण लेनदारियां (सम्पत्ति एवं आस्तियां)	इस वर्षान्त पर शेष 31.03.2025	
6,577,159.30		6-जीएसटी इनपुट	8,561,624.30	
515,378.07		8-लेखन सामग्री	515,478.07	
26,307.33		9-पुस्तकालय	26,307.33	
967,106.45		10-फार्स एवं पंजियां	967,106.45	
722,475.00		11- Clearing house	722,475.00	
2,386,148.00		12-संडीडेटर्स	2,394,708.07	
9,990,682.17		13-अन्य	9,990,682.17	
29,111,421.30		14-एल आई सील टस्टी फण्ड	30,418,253.30	
-		15-लाभांश प्राप्य एपेक्स बैंक	-	
473,250.00		16-प्रीमियम परिशोधन	473,250.00	
16,420,730.28		17-उपार्जित ब्याज	16,431,842.58	
2,969,203.64		18-राज्य शासन डीएमआर राशि प्राप्य	2,969,203.64	
2,809,506.00		19-केडर फण्ड वेतन समिति प्रबंधक	2,809,506.00	
7,060,130.51		20-केडर फण्ड वसूली योग्य	6,700,042.51	
1,617.32		21-लेव्ही पूल फण्ड	1,617.32	
567,969.00		22-शीर्ष बैंक से लेना शेष	567,969.00	
296,603.10		23-जवाहर रोजगार योजना	296,603.10	
11,502.50		24-संयुक्त ऋण ज्वाइंट फार्मिंग	11,502.50	
